प्रश्न–25 भारत में जनजातीय आन्दोलन के प्रमुख कारण लिखो।

उत्तर– भारत में जनजातीय आन्दोलन के प्रमुख कारण –

(1) समाज में आत्मसम्मान प्राप्त करना।

(2) अस्पृश्यता उन्मूलन।

(3) आर्थिक शोषण से मुक्ति।

(4) राजनीति में हिस्सेदारी।

(5) सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी।

प्रश्न–26 ब्रिटिश काल में हुए को तीन सामाजिक परिवर्तनों को लिखो।

उत्तर– ब्रिटिश काल में हुए को तीन सामाजिक परिवर्तन –

(1) भारतीय मजदूरों तथा दक्ष सेवा कर्मियों को जहाजों के माध्यम से एशिया, अफ्रीका एवं अमरीका भेजा गया।

(2) पश्चिमी शिक्षा पद्धति को भारत में लाया गया।

(3) भारतीय लोगों ने राष्ट्रवाद को समझा तथा 'स्वाधीनता उनका जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया तथा उसके लिए लड़े और सफल हुए।

प्रश्न–27 अल्पसंख्यक से क्या तात्पर्य है उनसे सम्बन्धित अनुच्छेद 29 एवं अनुच्छेद–30 में क्या प्रावधान है?

उत्तर– अल्पसंख्यक का तात्पर्य अपेक्षाकृत छोटे लेकिन साथ ही सुविधा वंचित समूह से होता है। अल्पसंख्यक में समूह के प्रति एकजुटता का प्रबल भाव होता है। यह भाव हानि अथवा असुविधा से जुड़ा होता है।

प्रावधान अनुच्छेद 29 – (1) भारत के राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी नागरिकों के किसी अनुभाग को जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है, उसे बनाए रखने का अधिकार होगा।

(2) राज्य द्वारा पोषित या राज्य निधि से सहायता पाने वाली किसी शिक्षा संस्था में प्रवेश से किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी आधार पर वंचित नहीं किया जायेगा।

अनुच्छेद 30 – (1) धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्ग को अपनी रूचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा।

(2) शिक्षा संस्थाओं को सहायता देने में राज्य किसी शिक्षा संस्था के विरूद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है।

अथवा

प्रश्न– एक राष्ट्र राज्य के निर्माण में धर्मनिरपेक्षता कितना आवश्यक तत्व है उसके विविध पहलुओं पर प्रकाश डालिए।

उत्तर– राष्ट्र राज्य के निर्माण में धर्मनिरपेक्षता आवश्यक तत्व होता है। एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र राज्य वह होता है जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मो की तुलना में पक्ष नहीं लेता। इस भाव में धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का विरोधी भाव है और इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव जरूरी नहीं होता। राज्य और धर्म के पारस्परिक संबंधों की दृष्टि से धर्म निरपेक्षता का यह भाव सभी धर्मो के प्रति आदर का द्योतक होता है, न कि अलगाव या

दूरी का। उदाहरण के लिए धर्म निरपेक्ष भारतीय राज्य सभी धर्मो के त्योहारों के अवसर पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित करता है। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र राज्य के लिए आवश्यक हैं कि प्रत्यक्ष राजनीतिक भागीदारी एवं चुनाव के निर्णयों के माध्यम से बार–बार एक धर्म निरपेक्ष संविधान और राज्य के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करता रहे।

प्रश्न–28 नारी आन्दोलन ने अपने इतिहास के दौरान कौन–कौन से मुद्दे उठाये तथा उनमें वे कहाँ तक सफल रही।

उत्तर– नारी आन्दोलनों में उठाये गये मुद्दे एवं उनकी सफलता –

(1) स्त्रियों की परिस्थितियों में सुधार करने के लिए राजा राममोहन राय द्वारा सती प्रथा जो कि नारी समाज का अभिशाप है उसके लिए सती विरोधी अभियान का नेतृत्व किया जिसमें सफलता भी प्राप्त की।

(2) विधवाओं के पुनर्विवाह के लिए समाज सुधारक राना डे ने आन्दोलन चलाया तथा उसमें सफलता प्राप्त की।

(3) ज्योतिबा फूले ने व्यावहारिक समाज सुधारों के लिए पारम्परिक ब्राह्मण संस्कृति में सबसे नीचे समझे जाने वाले दो समूहों स्त्रियों और अछूतों को सहायता देने के प्रयत्न किए।

(4) सर सैयद अहमद खान ने मुस्जिम लड़कियों को घर की चारदिवारी में रखकर शिक्षित करने का प्रयत्न किया। आर्य समाज के संस्थापक दयानन्द सरस्वती ने भी महिलाओं को अलग किस्म के पाठ्यक्रम, जिसमें धार्मिक उसूलों, घर–गृहस्थी चलाने की कला, शिल्पों तथा बच्चों का पालन पोषण में प्रशिक्षण देकर शिक्षित करने का प्रयास किया। जिसके परिणाम स्वरूप आज स्थिति यह है कि नारी शिक्षा के क्षेत्र में पुरूषों से किसी भी तरह कम नहीं है, जो कि उन्नतशील राष्ट्र के लिए वरदान साबित हो रहा है।

(5) पुलिस अभिरक्षा में स्त्रियों के साथ बलात्कार, दहेज के लिए हत्या, कन्या भ्रूण हत्या जैसे अन्याय की लड़ाई सामाजिक तथा राजनैतिक स्तर से निरन्तर चल रही है। जिससे आशा के अनुरूप नारी समाज का गुणात्मक सुधार हो रहा है।

अथवा

प्रश्न– आदिवासियों की समस्याएँ क्या है तथा उनके निस्तारण हेतु सरकारी प्रयास कहाँ तक सार्थक रहे समझाइये।

उत्तर– समस्याएँ – आदिवासियों के पहाड़ी या जंगली इलाकों की विशिष्ट परिस्थितियों में आवास ने उनकी आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं का आकार दे दिया है। लेकिन यह पृथकता कहीं भी पूर्ण नहीं है अर्थात वे एकदम अलग–थलग नहीं है।

जिन इलाकों में आदिवासी आबादी घनी है, वहीं आम तौर पर आर्थिक और सामाजिक हालात खराब हैं। वह गरीबी और शोषण के शिकार है। सरकार द्वारा अधिकांश वन प्रदेश अपने उपयोग के लिए आरक्षित कर लिये गये हैं जो कि आदिवासियों की आजीविका का मुख्य साधन था। अतः आदिवासी वनों का अवैध रूप से इस्तेमाल करने को मजबूर हो गये हैं। जिसके लिए उन्हें घुसपैठिये और चोर–उच्चके कहकर तंग और दण्डित किया जाता है। इस कारण दिहाड़ी मजदूरी की तलाश में वन छोड़कर अन्यत्र जाने के लिए मजबूर हैं।

सरकारी सार्थक प्रयास –

(1) लम्बे संघर्ष के बाद झारखण्ड और छत्तीसगढ़ को अलग–अलग राज्य का दर्जा मिल गया है। जिसमें अपने अनुसार अर्थ व्यवस्था, संस्कृति तथा राजनीतिक व्यवस्था कायम कर सकते हैं।

(2) आरक्षण की नीतियों के द्वारा सरकारी नौकरियों तथा राजनीतिक हिस्सेदारी में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

(3) निःशुल्क आवासीय विद्यालयों में प्रवेश तथा आर्थिक सहायता प्रदान कर शिक्षित कर समाज की मुख्य धारा में लाने का सार्थक प्रयास हो रहा है।

प्रश्न–29 पंचायती राज क्या है उसके तीन स्तरों के नाम लिखते हुए पंचायतों की शक्तियॉ व उत्तरदायित्व को लिखिये।

उत्तर– पंचायती राज – संविधान के अनुसार पंचायती को स्वशासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने हेतु शक्तियाँ व अधिकार प्रदान करना पंचायती राज कहलाता है।

तीन स्तरों के नाम –

(1) ग्राम पंचायत

(2) नगर निगम

(3) जिला परिषद

पंचायत की शक्तियाँ एवं दायित्व –

(1) आर्थिक विकास के लिए योजनायें एवं कार्यक्रम बनाना।

(2) सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन करने वाले कार्यक्रमों को बढ़ावा देना।

(3) शुल्क, यात्री कर, जुर्माना व अन्य कर लगाकर धनराशि एकत्र करना।

(4) सरकारी उत्तरदायित्वों के हस्तांतरण में सहयोग करना, विशेष रूप से वित्त को स्थानीय अधिकारियों तक पहुँचाना।

अथवा

प्रश्न– 73 वें सविधान संशोधन के प्रमुख प्रावधानों को समझाइये।

उत्तर– 73 वें सविधान संशोधन के प्रमुख प्रावधान में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के सीानीय निकायों में सभी चयनित पदों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया। इसमें 17 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। स्थानीय स्वशासन के लिए 73 वाँ संविधान संशोधन पूरे देश में सन् 1992–93 से लागू है।

प्रश्न–30 विभिन्न जनसंचार माध्यमों– प्रिंट, रेडियो टेलिविजन व इटरनेट की खूबियों को लिखिये।

उत्तर– जनसंचार माध्यम में प्रिंट, रेडियो, टेलिविजन व इटरनेट समकालीन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें मीडिया अनेक आयामों पर ध्यान केन्द्रित करने का प्रयास करता है। जनसंचार हमारे व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन का एक आवश्यक अंग है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खेलकूद, विज्ञान, मनोरंजन तथा देश–विदेश में होने वाले विकास की जानकारी प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है। जनसंचार माध्यम से स्थानीय ही नहीं विश्व बाजार में व्यापार करना सम्भव हो गया है। बैंकिग व्यवस्था में इतने बदलाव आये हैं कि व्यक्ति का जीवन स्तर सुखमय हो गया है।

अथवा

प्रश्न– समाचार पत्र उद्योग में जो परिवर्तन हो रहे है उनकी रूपरेखा प्रस्तुत करें। इन परिवर्तनों के बारे में आपकी क्या राय है।

उत्तर– समाचार पत्र पूर्ण रूप से स्वाचालित हो गये हैं। इससे कागज का प्रयोग पूरी तरह समाप्त हो गया है। वर्तमान में छोटे टेप रिकार्डर, लैपटॉप या एक पी.सी., मोबाईल, सेटेलाइट फोन या मॉडेम जैसे अन्य नये उपकरणों ने स्थान ले लिया है। समाचार संग्रहण कार्य में आये इन सभी प्रोद्योगिकीय परिवर्तनों ने समाचारों की गति बढ़ा दी है। इससे पाठकों के पास अत्यंत गति से समाचार कम शुल्क में पहुँच पा रहे है। समाचार उद्योग में हुए परिवर्तन से ऐसी सूचनाएँ एवं जानकारियाँ प्राप्त होती रहती है, जिससे अपने रोजगार को बढ़ावा दिया जा सकता है। एक विकासशील राष्ट्र को आगे बढ़ाने में समाचार पत्र अपना प्रमुख स्थान रखते हैं।

**नमूने के प्रश्न–पत्र की योजना**
**कक्षा – 12**
**विषय – लोक प्रशासन**

अवधि : 4.15 पूर्णांक : 80 अंक

1. उद्देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 24 | 30 |
| 2. | अवबोध | 32 | 40 |
| 3. | ज्ञानोपयोगी / अभिव्यक्ति | 16 | 20 |
| 4. | कौशल / मौलिकता | 8 | 10 |
| | | 80 | 100 |
| | | | |

2. प्रश्नों के प्रकारवार अंकभार –

| क्र.सं. | प्रश्नो का प्रकार | प्रश्नो की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक प्रतिशत | प्रतिशत | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पवार | – | – | – | – | – |
| 2. | अतिलघुत्तरात्मक | 10 | 1 | 10 | 12.5 | 15 |
| 3. | लघुत्तरात्मक – I | 8 | 2 | 16 | 20 | 36 |
| 4. | लघुत्तरात्मक – II | 9 | 4 | 36 | 45 | 78 |
| 5. | निबन्धात्मक | 3 | 6 | 18 | 22.5 | 41 |
| | योग | 30 | | | 100 | 170 |

विकल्प योजना : आन्तिरिक पुनरावलोकन – 10 मिनट

3. विषय वस्तु का अंकभार –

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | लोक प्रशासन : वैकासिक परिप्रेक्ष्य | 6 | 7.5 |
| 2. | प्रमुख सैद्धान्ति विचार धाराएं | 12 | 15 |
| 3. | प्रशासनिक लोक प्रशासन एवं विकास प्रशासन | 10 | 12.5 |
| 4. | तुलनात्मक लोक प्रशासन एवं विकास प्रशासन | 10 | 12.5 |
| 5. | भारतीय प्रशासनः संवैधानिक परिप्रेक्ष्य | 4 | 5.0 |
| 6. | नीति निरूपण एवं नियोजन | 10 | 12.5 |
| 7. | वित्तीय प्रशासन | 6 | 7.5 |
| 8. | कार्मिक प्रशासन | 9 | 11.25 |
| 9. | भारतीय प्रशासन : महत्वपूर्ण मुद्दे | 9 | 11.25 |
| 10. | प्रशासनिक सुधार | 4 | 5.0 |
| | योग | 80 | 100 |

## प्रश्न–पत्र – ब्लू प्रिन्ट
## कक्षा – 12 विषय – लोक प्रशासन

| क्र. सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोगी / अभिव्यक्ति | | | | कौशल / मौलिकता | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अति. लघु | लघु. SA1 | लघु. SA2 | निबं. | अति. लघु | लघु. SA1 | लघु. SA2 | निबं. | अति. लघु | लघु. SA1 | लघु. SA2 | निबं. | अति. लघु | लघु. SA1 | लघु. SA2 | निबं. | |
| 1 | प्रमुख सैद्धान्तिक विचार धाराएं | 1(1) | 2(1) | | | 1(1) | 2(1) | | | | | | | | | | | 6 |
| 2 | प्रमुख सैद्धान्तिक विचार धाराएं | 1(1) | | | | 1(1) | | | 6(1) | | | 4(1) | | | | | | 12 |
| 3 | प्रशासनिक व्यवहार | | | | | | | | | | | 4(1) | | | 2(1) | 4(1) | | 10 |
| 4 | तुलनात्मक लोक प्रशासन एवं विकास प्रशासन | | 2(1) | 4(1) | | | | 4(1) | | | | | | | | | | 10 |
| 5 | भारतीय प्रशासन: संवैधानिक परिप्रेक्ष्य | 1(1) | | | | 1(1) | 2(1) | | | | | | | | | | | 4 |
| 6 | नीति निरूपण एवं नियोजन | | | 4(1) | | | | | 6(1) | | | | | | | | | 10 |
| 7 | वित्तीय प्रशासन | 1(1) | | | | 1(1) | | 4(1) | | | | | | | | | | 6 |
| 8 | कार्मिक प्रशासन | 1(1) | | 4(1) | | | | 4(1) | | | | | | | | | | 9 |
| 9 | भारतीय प्रशासन : महत्वपूर्ण मुद्दे | 1(1) | | | | | | | | | | | 6(1) | | 2(1) | | | 9 |
| 10 | प्रशासनिक सुधार | | 2(1) | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | 4 |
| | योग | 6 | 3 | 3 | | 4 | 2 | 3 | 2 | | 1 | 2 | 1 | | 2 | 1 | | 30(80) |
| | कुल योग | 24 | | | | 32 | | | | 16 | | | | 8 | | | | 30(80) |

विकल्पों की योजना : ..........

नोट : कोष्ठक में बाहर की संख्या अंको की तथा भीतर प्रश्नों की द्योतक है।

हस्ताक्षर

## नमूने के प्रश्न पत्र

### कक्षा–12

### विषय–लोक प्रशासन

**समयः 4:15** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश**–1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

2. प्रश्न संख्या 1 से 10 तक अति लधुत्तरात्मक प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक का है)
3. प्रश्न संख्या 11 से 18 तक दो अंक है, इसकी उत्तर सीमा 40 शब्द है।
4. प्रश्न संख्या 19 से 27 तक चार अंक है। इसकी उत्तर सीमा 100 शब्द है।
5. प्रश्न संख्या 28 से 30 तक 6 अंक के है। इसकी उत्तर सीमा 150 शब्द है।
6. प्रश्न संख्या 27 से 30 तक में आन्तरिक विकल्प है।

प्रश्न–1. लोक प्रशासन के अध्ययन विकास को कितने चरणों में बांटा गया हैं?

उत्तर– छः चरणों में।

प्रश्न–2 लोक प्रशासन का जनक किसे माना जाता है?

उत्तर– वुडरो विलसन।

प्रश्न–3 वैज्ञानिक प्रबन्ध विचारधारा क्या है?

उत्तर– प्रबन्ध की नवीन विधि, जिसमें कम लागत में अधिकतम उत्पादन प्राप्त हों।

प्रश्न–4 आदेश की रचना से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– किसी भी कार्य के लिए कर्मचारी को एक ही अधिकारी के आदेश प्राप्त हो।

प्रश्न–5 विधि के शासन की अवधारणा किस देश से ली गई है?

उत्तर– ब्रिटेन से।

प्रश्न–6 कोई एक नीति निर्देशक तत्व बताइये।

उत्तर– सभी नागरिकों को आजीविका के पर्याप्त साधनों का बराबर अधिकार प्राप्त है।

प्रश्न–7 फ्रेंच भाषा के शब्द बोजते (Bougette) से क्या अभिप्राय है?

उत्तर– चमड़े का थैला।

प्रश्न–8 वित्तीय प्रशासन का प्रमुख उपकरण कौन–सा है?

उत्तर– बजट।

प्रश्न–9 भारत में उच्च लोक सेवाओं के लिए भर्ती किसके द्वारा की जाती है?

उत्तर– संघ लोक सेवा आयोग द्वारा।

प्रश्न–10 कार्मिक लोक शिकायत मत्रालय और पेंशन मन्त्रालय का क्या कार्य है?

उत्तर– कार्मिकों की पेंशन सम्बन्धित कार्य व शिकायतों का निवारण।

प्रश्न–11 राजस्थान में सूचना के अधिकारों की प्राप्ति हेतु किये गये दो प्रयासों को संक्षेप में समझाइये (लिखिये)।

उत्तर– 30 सितम्बर 1996 में पंचायती राज संस्थाऐं एवं 26 जनवरी 2000 सूचना का अधिकार अधिनियम लागू किया।

प्रश्न–12 लोक प्रशासन का प्रयोग किन दो अर्थो में किया जाता है?

उत्तर– (1) समाज की महत्वपूर्ण गतिविधि के रुप में।

(2) ज्ञान की एक पृथक शाखा के रूप में।

प्रश्न–13 मानव सम्बन्ध आन्दोलन किस घटना को माना गया है?

उत्तर– ''वेस्टर्न इलेक्ट्रिक कम्पनी'' के हार्थोन स्थित प्लांक के प्रयोग।

प्रश्न–14 चार विकासशील देशों के नाम बताइये।

उत्तर– भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, एवं नेपाल।

प्रश्न–15 वर्तमान में कौन कौन–सी अखिल भारतीय सेवायें हैं?

उत्तर– अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा, वन सेवा, पुलिस सेवा, इंजिनियरिंग सेवा (IAS, IFS, IPS, IES)

प्रश्न–16 पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तर कौन से हैं?

उत्तर– जिला स्तर, पंचायत समिति स्तर, ग्राम पंचायत/नगर पालिका स्तर।

प्रश्न–17 राजस्थान में संभागीय आयुक्त की क्या व्यवस्था हैं?

उत्तर– वर्तमान में राज्य को सात संभागों में बांटा है (जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर एवं भरतपुर) इसमें संभागीय आयुक्त नियुक्त किये गये।

प्रश्न–18 प्रशासनिक सुधार आयोग के प्रमुख लक्ष्य बताओ।

उत्तर– प्रशासन को जवाबदेय व उत्तरदायी बनाना।

प्रश्न–19 रिंग्स के अनुसार तुलनात्क लोक प्रशासन की प्रकृति क्या है?

उत्तर– रिंग्स ने लोक प्रशासन की प्रकृति को निम्न तीन प्रकार बताये –

(1) आदर्शात्मक से अनुभव उन्मुखता

(2) इडियो ग्रामिक से नोमोथेटिक अधिगम की ओर

(3) गैर पारिस्थितिकीय से पारिस्थितिकीय उन्मुखता

प्रश्न–20 मैस्लो की आवश्यकता की क्रमबद्धता को रेखाचित्र द्वारा समझाओ।

उत्तर– आत्मविस्वास – आवश्यकता

अहम / सम्मान

सामाजिक – उच्च स्तर

सुरक्षात्मक – निम्न स्तर

शारीरिक

प्रश्न–21 सम्प्रेषण की बाधाओं को दूर करने के उपाय लिखिए।

उत्तर– (1) सम्प्रेषण यथा सम्भव प्रत्यक्ष

(2) वातावरण सौहार्द्रपूर्ण होना चाहिये

(3) उचित अवसर व उपयुक्त माध्यम

(4) भाषा स्तरानुसार, नियोजित

(5) उद्‌देश्य परक

प्रश्न–22 मैक्स वेबर की आदर्शरूप नौकरशाही संगठन की विशेषताऐं संक्षेप में बताओ।

उत्तर– विशेषताऐं श्रम विभाजन, पद सोपान, नियम, आजीवन व्यवस्था, पूर्णकालीन, अधिकारी, लिखित दस्तावेज अनुशासन, नीजि व लोक हित एवं कार्य कुशलता है।

प्रश्न–23 विकासशील देशों की प्रमुख समस्याओं का चार्ट बनाओ।

उत्तर– विकाशील देशों की समस्याऐं –

(1) आर्थिक समस्या

(2) सामाजिक समस्या

(3) राजनीतिक समस्या

(4) प्रशासनिक समस्याऐं

प्रश्न–24 भारत में विकास हेतु किन साधनों की आवश्यकता हैं?

उत्तर– (1) प्रशासनिक तंत्र

(2) राजनीतिक तन्त्र

(3) ऐच्छिक तंत्र

(4) जन संगठन

प्रश्न–25 नीति का अर्थ व महत्व बताइये?

उत्तर– नीति का अर्थ व महत्व

प्रश्न–26 भर्ती हेतु आवश्यक विशेष योग्यताएं बताइये।

उत्तर– (1) शिक्षा सम्बन्धित

(2) अनुभव संबंधित

(3) वैयक्तिक योग्यता

(4) प्राविधिक अनुभव

प्रश्न–27 प्रशिक्षण के प्रमुख प्रकारों का वर्णन संक्षेप में करो।

उत्तर– (1) औपचारिक एवं अनौपचारिक

(2) अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन

(3) कौशल तथा सामान्य

(4) विभागीय तथा केन्द्रीय प्रशिक्षण

प्रश्न–28 पोस्डकोरब (POSDCORB) की अवधारणा का चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– रेखा चित्र

P O S D CO R B

| | | | | | |

योजना संगठन कर्मचारियों निर्देशन समन्वय प्रतिवेदन बजट की व्यवस्था

अथवा

प्रश्न– प्रशासनिक विकास की प्रमुख समस्याऐं समझाइये।

उत्तर– प्रशासनिक समस्याएँ – 8 समस्याएँ

प्रश्न–29 मंत्री लोक सेवक सम्बन्धों को बेहतर बनाने हेतु प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशें लिखो।

उत्तर– मंत्री–लोकसेवक संबंध बेहतर बनाने के सुझाव (8)

अथवा

प्रश्न– सामान्य–विशेषज्ञ प्रशासकों के मध्य अन्तर स्पष्ट करते हुये, उनके मध्य विवाद का क्या कारण है?

उत्तर– अन्तर हेतु सारणी

प्रश्न–30 केन्द्रीय स्तर पर नीति निर्माण प्रक्रिया में राजनीतिक एवं प्रशासनिक तन्त्रों की भूमिका स्पष्ट कीजिये?

उत्तर– (1) राजनीतिक तन्त्र की भूमिका

(2) प्रशासनिक तन्त्र की भूमिका

अथवा

प्रश्न– राज्य योजना आयोग के संगठन एवं कार्यो का वर्णन कीजिये।

उत्तर– चार्ट

मुख्यमंत्री

|

योजना मंत्री

|

शासन सचिव

| |

अपरसचिव उपसचिव

## विषय – कम्प्यूटर विज्ञान (सैद्धान्तिक)

समय– 3:00 घण्टे

पूर्णांक–70
प्रश्न–पत्र के लिए–56
सत्रांक–14

| क्र.सं. | इकाई का नाम | अंक |
|---|---|---|
| 1 | कोरल ड्रा | 8 |
| 2 | सूचना प्रौद्योगिकी | 10 |
| 3 | मल्टीमीडिया | 10 |
| 4 | कम्प्यूटर नेंटवर्क | 10 |
| 5 | हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर | 10 |
| 6 | एम. एस. एक्सेस | 8 |
| | | योग 56 |

**इकाई–1 कोरल ड्रा**

कोरल ड्रा का परिचय, टूल्स, एवं उसके कार्य, पिक करना, शेप जूम, फी हैंड टूल्स, स्मार्ट ड्राइविंग टूल्स, रेक्टेंन्गल, एलिस टूल्स ,ग्राफ पेपर टूल्स, बेसिक शेष, टैक्स्ट टूल्स, इन्टरेक्टिव ब्लेड टूल्स , आई ड्रापर टूल्स, आउटलाइन, फिल, इन्टरेक्टिव फिल टूल्स।

**इकाई–2 सूचना प्रौद्योगिकी**

इन्टरनेट का परिचय, नेट कनेक्ट करना, आई–डी बनाना, ई–मेल भेजना, ई–मेल खोलना, फाईल एटेच करना, डाउनलोड करना , सर्च करना, वीडियो कोन्फ्रेन्सिंग करना, वाइरस का परिचय, वाइरस आने का संभावित कारण, वाइरस के प्रभाव, सुरक्षा (इन्टीवाइस)।

**इकाई–3 मल्टी मीडिया**

मल्टी मीडिया का एक परिचय, मल्टी मीडिया के प्रकार, मल्टी मीडिया के लाभ, मल्टी मीडिया की हानि, मल्टी मीडिया का उपयोग मल्टी मीडिया का समाज पर प्रभाव ।

**इकाई–4 कम्प्यूटर नेटवर्किंग**

परिचय, कम्प्यूटर नेटवर्किग के उपयोग, टोपोलॉजी, टोपोलॉजी, के लाभ, टोपोलॉजी की हानि, लैन, वैन, मैन की अवधारणा, नेटवर्किग के लाभ, नेटवर्किंग से हानि, तार वाले ट्रांसमिशन माध्यम, बेतार वाले ट्रांसमिशन माध्यम ,वाई–फाई ।

**इकाई–5 हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर**

हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर का परिचय, हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर का रख–रखाव, हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के उपयोग, हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के प्रकार।

**इकाई–6 एम.एस. एक्सेस**

एम.एस. एक्सेस परिचय, एक्सेस को चालू करना, पूर्व डाटा बेस को खोलना, एम.एस. एक्सेस का शार्टकट बनाना, डाटाबेस विन्डो, डाटाशीट व्यू।

## विषय – कम्प्यूटर प्रायोगिक

**समय–3:00 घण्टे** **पूर्णांक–30**

| क्र.सं. | इकाई का नाम | अंक |
|---|---|---|
| 1 | कोरल ड्रा | 5 |
| 2 | सूचना प्रौद्योगिकी | 10 |
| 3 | कम्प्यूटर नेट वर्किंग | 10 |
| 4 | एम.एस. एक्सेस | 5 |
| | | योग 30 |

**इकाई–1 कोरल ड्रा**

अलग–2 शेप बनाना, अलग–अलग प्रकार से रोटेट करना, ग्राफिक्स बनाना, टेक्स्ट टाइप करना, विजिटिंग कार्ड बनाना ।

**इकाई–2 सूचना प्रौद्योगिकी**

ई–मेल का उपयोग, सर्च करना, डाउनलोड करना, मेल भेजना, आई–डी बनाना।

**इकाई–3 कम्प्यूटर नेटवर्किंग**

कम्प्यूटर को नेटवर्क से जोडना, प्रिंटर को सी.पी.यू. से जोडना, विभिन्न हार्डवेयर को कम्प्यूटर से जोड़ना।

**इकाई–4 एम.एस.एक्सेस**

एक्सेस खोलना, पूर्व फाईल खोलना, सेव करना, सेव एज करना, डाटाबेस तैयार करना, एडिटिंग, फॉमेंटिंग आदि।

**नमूने का प्रश्नपत्र**

**विषय – कम्प्यूटर**

**समय–3:15 घण्टे** **पूर्णांक–70**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 कोरल ड्रा में किस प्रकार कार्य होता है?

उत्तर– कोरल ड्रा में टैक्सट, आकृति, मोनोग्राम आदि का कार्य सरलता से किया जा सकता है।

प्रश्न–2 डाउनलोड करना किसे कहते है?

उत्तर– कम्प्यूटर में चित्र, आकृति, टैक्सट को सी.डी. या पेन–ड्राइव में लेना या इन्टरनेट से किसी फिल्म आदि को लेना डाउनलोड कहलाता है।

प्रश्न–3 मल्टीमीडिया के कोई दो उपयोग बताइये।

उत्तर– (1) मल्टीमीडिया प्रस्तुतिकरण

(2) फिल्मों पर विशेष प्रभाव

प्रश्न–4 WAN का पूरा नाम लिखिये?

उत्तर– वाइड एरिया नेटवर्क (Wide Area Network)

प्रश्न–5 कम्प्यूटर के कोई दो सॉफ्टवेयर के नाम बताइये?

उत्तर– (1) सिस्टम सॉफ्टवेयर

(2) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर

प्रश्न–6 एम.एस. एक्सल का क्या उपयोग है?

उत्तर– इसके द्वारा डाटा बेस नियन्त्रित रहता है। इसमें क्वेरी से चुनिन्दा रिकॉर्डस प्राप्त किया जा सकता है।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) -**

प्रश्न–1 कोरल ड्रा की मुख्य विशेषताएँ बताइये?

उत्तर– (1) कोरल ड्रा सॉफ्टवेयर के विभिन्न टूल्स के द्वारा छात्रों समझ पाना।

(2) कोरल ड्रा द्वारा विभिन्न टूल्स शेप जूम, विभिन्न आकृतियों के नाम, विभिन्न मोनोग्राम बनाना।

प्रश्न–2 वायरस किसे कहते है?

उत्तर– वायरस एक विशेष प्रकार के प्रोग्राम है जो वैसे तो अन्य सॉफ्टवेयर प्रोग्राम की तरह ही होते है, परन्तु यह प्रोग्राम कम्प्यूटर या उसमें भण्डारित आंकड़ों को नुकसान पहुंचाने के लिए होते है। ये वायरस कम्प्यूटर की अन्य फाइल के साथ मिलकर कम्प्यूटर की सामान्य कार्य प्रणाली को बाधित कर देते है। ये स्वतः ही अपनी प्रतिलिपि तैयार कर सकते है। वायरस एक इलेक्ट्रानिक बग होती हैं जो हमारे कम्प्यूटर में प्रवेश करके हमारी फाइलों तथा कम्प्यूटर को खराब कर देती है।

प्रश्न–3 मल्टीमीडिया के लाभ बताइये।

उत्तर– मल्टीमीडिया के अनेक लाभ है–

(1) चित्र, ध्वनि, आकृति सरलता से देख पाना।

(2) समय तथा धन की बचत।

(3) व्यावसायिक उपयोग में लाभदायक

(4) भरपूर मनोरंजन में सहायक

(5) वीडियो कॉन्फ्रेसिंग

प्रश्न–4 नेटवर्किंग किसे कहते है?

उत्तर– जब दो या दो से अधिक कम्प्यूटर किसी माध्यम (तार अथवा बेतार) की सहायता से परस्पर जुड़े होते हैं उसे नेटवर्किंग कहते है।

प्रश्न–5 हार्डवेयर किसे कहते है? कोई तीन हार्डवेयर के नाम लिखिये।

उत्तर– कम्प्यूटर के ऐसे भौतिक भाग जिन्हें हम छू सकते है, वे कम्प्यूटर हार्डवेयर कहलाते है–

(1) माऊस

(2) की बोर्ड

(3) मॉनीटर

प्रश्न–6 एम.एस. एक्सेस का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

उत्तर– एम.एस. एक्सेस एक वाणिज्य शास्त्र का सॉफ्टवेयर है, इसमें हम टेबल, सारणी, डाटा बेस बनाकर अपने कार्य को संपादित करते है। बहुत सारी तालिकाओं को देखने के लिए क्वेरी ऑप्शन उपयोग में लेते है। यह डाटा बेस तैयार करता है। यह काफी कुछ एक्सल से मिलता जुलता है।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) -**

प्रश्न–1 ई–मेल का हमारे जीवन में क्या उपयोग है?

उत्तर– इन्टरनेट की यह सबसे लोकप्रिय सेवा है जिसका सर्वाधिक उपयोग होता है। मेल से हमारा अभिप्राय डाक से है तथा यदि डाक इलेक्ट्रॉनिक रूप से एक कम्प्यूटर से दूसरे कम्प्यूटर में स्थानांतरित हो जाये तो इसे इलेक्ट्रॉनिक मेल कहते है। इससे हम टैक्सट, आकृति, ध्वनि आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेज सकते है। यह कम समय और कम पैसे में भेजा जा सकता है। इसमें हमें हमारा एक ई–मेल एड्रेस बनाना होता है तथा जिसको मेल भेजा जा रहा है उसका मेल ID याद होना चाहिए। हॉट मेल, याहू, रेडिफ मेल आदि कुछ ऐसे इन्टरनेट सर्वर है, जो मुफ्त मेल भेजने, पाने तथा अपना अकाउन्ट बनाने की सुविधा देते है।

प्रश्न–2 मल्टीमीडिया तकनीक से समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर– मल्टीमीडिया का उपयोग समाज के निम्न क्षेत्रों में हुआ है– शिक्षा, मनोरंजन, व्यावसायिक संचार, सार्वजनिक सेवायें।

आज वर्तमान युग सूचना प्रौद्योगिकी का है। इससे समय तथा पैसे की बवत के साथ अपराध को भी बढ़ावा दिया है। मल्टीमीडिया तकनीक ने जहाँ पूरे विश्व को एक कर दिया है वहाँ अपराधिक प्रवृति को भी जन्म दिया है।

प्रश्न–3 कम्प्यूटर नेटवर्किंग के उपयोग बताइये?

उत्तर– (1) सुदूर डाटाबेसों को एक्सेस करना– एक उपयोक्ता अपने कम्प्यूटर के माध्यम से नेटवर्क में जुड़े हुए कम्प्यूटरों पर उपलब्ध किसी भी डाटा बेस को एक्सेस कर सकता है। रेल्वे, रोडवेज व वायुसेना के सूचना एवं आरक्षण सम्बंधी डाटाबेसों को नेटवर्क की सहायता से एक्सेस किया जा सकता है।

(2) फैक्स– आप नेटवर्क से जुड़े किसी भी कम्प्यूटर पर फैक्स भेज सकते है।

(3) इलेक्ट्रॉनिक मेल– यदि एक संस्थान के सभी कम्प्यूटर नेटवर्क से जुड़े हो तो उपयोक्ताइलेक्ट्रॉनिक मेल के माध्यम से कम्यूनिकेट कर सकते है।

(4) ऑन लाइन सर्विसेज– कुछ निजी क्षेत्र की कम्पनियां अपने ग्राहकों को नेटवर्क के माध्यम से तरह–तरह की ऑन लाइन सर्विस उपलब्ध करवाती है।

(5) ऑन लाइन ट्रेडिंग– नेटवर्क के माध्यम से कोई भी उपयोक्ता ऑन लाइन ट्रेडिंग कर सकता है।

(6) बैकिंग– उपयोक्ता ए.टी.एम. की सहायता से देश में किसी भी स्थान से अपने बैंक खाते में लेन–देन कर सकता है।

(7) पैसे की बचत– नेटवर्क के द्वारा पैसे के खर्च को कम किया जा सकता है।

(8) दूर–दराज तक सूचना भेजना– अपना संदेश विदेशों में भी भेज सकते है।

प्रश्न–4 वायरस के हमारे फाइल और फोल्डर पर क्या प्रभाव पड़ता है।

उत्तर– वायरस एक इलेक्ट्रॉनिक बग है, जो हमारे फाइल और फोल्डर को खराब (करेप्ट) कर देती है। जिससे वह खुल नहीं पाता है। यह पूरे कम्प्यूटर के डाटा को नष्ट कर देता है।

प्रश्न–5 कोरल ड्रा का संक्षिप्त परिचय दीजिए?

उत्तर– कोरल ड्रा एक वर्ड, आकृति डिजाइनर सॉफ्टवेयर है। इसमें हम विभिन्न प्रकार के नाम डिजाइन, शेप बना सकते है। बड़े–बड़े पोस्टरों का निर्माण कोरल ड्रा के द्वारा किया जा सकता है। बड़ी–बड़ी संस्थाओं के मोनोग्राम कोरल ड्रा में आसानी से बनाये जा सकते है।

**निबन्धात्मक प्रश्न–**

प्रश्न–1 बेतार वाले ट्रांसमिशन बताइये?

उत्तर– (1) रेडियो प्रसारण माध्यम– रेडियो तरंगों को आसानी से उत्पन्न किया जा सकता है। पहले टेलीग्राम में इन तरंगों का उपयोग किया जाता था। अब रेडियो VHF (वैरी हाई फ्रीक्वैंसी) एवं UHF पर तीव्र गति से डाटा प्रसारण करता है।

(2) माइक्रोवेव प्रसारण माध्यम– माइक्रोवेव संकेतों का प्रसारण इमारतों पर लगे एंटिना के द्वारा किया जाता है। इनकी फ्रिक्वेन्सी निश्चित होती है।

(3) उपग्रह प्रसारण– उपग्रह को स्थापित किया जाता है तथा पृथ्वी पर उसका एक एन्टीना लगा होता है। उपग्रह पृथ्वी की गति के साथ नहीं घूमता है, वह स्थिर रहता है।

(4) वाई–फाई– वाई–फाई मानक IEEE 802.11 पर आधारित लोकल एरिया नेटवर्क की एक श्रेणी है। आजकल बहुत से शिक्षण संस्थाओं में कैम्पस वाइड वाई–फाई कनेक्शन उपलब्ध है। जहाँ वयक्ति अपने वाई–फाई इनेबल्ड मोबाइल या लेपटॉप के माध्यम से कैम्पस के किसी भी स्थान से इन्टरनेट पर कार्य कर सकता है।

प्रश्न–2 वायरस से सुरक्षा के तरीके बताइये?

उत्तर– (1) अवांछनीय लोगों के कम्प्यूटर प्रयोग पर प्रतिबंध होना चाहिये।

(2) जब भी कम्प्यूटर को चालू करें तो सबसे पहले एन्टी वायरस प्रोग्राम चलाए। यदि कम्प्यूटर में वायरस हो तो उसे निकालें।

(3) समय–समय पर डिस्क पर उपस्थित छुपी फाइलों की संख्या पर निगरानी रखें।

(4) महत्वपूर्ण फाइलों की बैकअप बनाकर रखे।

(5) पायरेटेड सॉफ्टवेयर का उपयोग न करे।

(6) कम्प्यूटर पर बाहर की फ्लॉपी का प्रयोग करने से पूर्व इस फ्लॉपी की जाँच की लें कि उसमें वायरस न हो।

(7) इन्टरनेट की उन साइटों को न खोलें, जिन पर वायरस होने की सम्भावना हो।

(8) अनजान व्यक्तियों से प्राप्त ई–मेल न खोलें।

(9) एन्टी वायरस प्रोग्राम को हमेशा अपडेट करते रहे।

प्रश्न–3 हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के उपयोग लिखिये?

उत्तर– हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर मिलकर एक सम्पूर्ण तन्त्र का निर्माण करते है। कम्प्यूटर तन्त्र के अन्तर्गत जो भी उपकरण, वस्तुएँ, प्रोग्राम आदि आते है, वे सभी या तो हार्डवेयर के अन्तर्गत आते है या फिर सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर के लिए एक दूसरे के पूरक है। एक के अभाव में दूसरा बेकार है। मॉनीटर, प्रिंटर आदि से हम आउटपुट देखते है वैसे ही यदि कम्प्यूटर में सॉफ्टवेयर नहीं होता हैं तो हम अपना कार्य नहीं करते है। सॉफ्टवेयर निर्देशों का समूह है, हम जो निर्देश देते है उसे क्रियान्वित कर हार्डवेयर उसका परिणाम देता है।

**<u>नमूने का प्रश्न–पत्र</u>**

**विषय – कम्प्यूटर (प्रायोगिक)**

**समय–3:00 घण्टे** **पूर्णांक–30**

प्रश्न–1 (A) विद्यालय का नाम लिखकर कोरल ड्रा में विभिन्न शेप से बनाइये।
(B) अपने पिता का एक विजिटिंग कार्ड बनाइये।

प्रश्न–2 (A) अपनी एक ई–मेल आई.डी. बनाइये।
(B) इन्टरनेट पर राजस्थान पत्रिका बेवसाईट सर्च करो।

प्रश्न–3 अपने विद्यालय के सी.पी.यू. में निम्न हार्डवेयर को जोड़िये।
(1) की बोर्ड
(2) माउस
(3) प्रिंटर
(4) सी.पी.यू.
(5) पेन ड्राइव

प्रश्न–4 एम.एस. एक्सेस में एक डाटा बेस बनाइये।

| | छात्र का नाम | उम्र | पिता का नाम | माता का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | अमित | 16 | सोहनलाल | रोहिनी देवी |
| (2) | धरमाराम | 17 | पुरखाराम | पप्पू देवी |